संक्षिप्त

जलज तिवाडी सिकराय का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत

दौसा। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सीबी यादव ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर गीजगढ़ निवासी जलज तिवाडी को सिकराय का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया है। इधर जलज तिवाडी को ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर जिले भर के कांग्रेसी नेताओं एवं पदाधिकारियों ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द डोटासरा एवं संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सीबी यादव का आभार जताते हुये जलज तिवाडी का स्वागत किया है।

सैनी सभा की आम बैठक का आयोजन

कोटपूतली। सैनी सभा संस्था के भवन नं. 01 में श्याम लाल सैनी की अध्यक्षता में सैनी सभा की आम बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान दिवंगत आत्माओं की शान्ति हेतु 02 मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई व उनके परिवारजनों को दुख की घड़ी में दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गई। जिसके बाद नई कार्य समिति के चुनाव करवाने के लिये सैनी सभा संस्था द्वारा जनसमिति को चार्ज देने पर विचार विमर्श किया गया। वहीं सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की समाज संविधान 2007 ही लागू रहेगा एवं इसके अनुसार ही आगामी कार्य समिति के चुनाव करवाये जायेगें तथा नये सविधान संशोधन 2023 को सर्वसम्मति से निरस्त किया गया एवं कार्य समिति का चार्ज देने के लिये आगामी 08 दिसम्बर की तिथि तय की गई।

मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

मालपुरा । लामबाहरिसिंह थाना क्षैत्र मे बीते दिनो एक नर्सिंगकर्मी के साथ मारपीट व अपहरण के मामले मे सोमवार को तीन जनो को किया गिरफ्तार। थानाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि बीते दिनो एक निजी चिकित्सालय मे घुसकर ड्यूटी पर तैनात नर्सिंगकर्मी विक्रम प्रजापत पुत्र रामअवतार प्रजापत निवासी रामनगर थाना दूदू हाल निवासी हुडको कॉलोनी लाम्बाहरिसिंह के साथ मारपीट व अपहरण का प्रयास किया गया। पिडित की और से 28 नवम्बर को दी रिपोर्ट पर कार्यवाही करते हुये आरोपी राजेश पुत्र किशनलाल प्रजापत निवासी बागडी,शिवराज पुत्र लादूराम प्रजापत निवासी मंडावरा व गिर्राज मुवाल पुत्र प्रकाश मुवाल निवासी चौरू थाना फागी को गिरफ्तार कर घटना मे उपयोग ली गई स्वीफ्ट कार को किया गया जप्त।

करन्ट से हुई युवक की मौत

टोंक। कोतवाली थाना क्षैत्र स्थित धन्नातलाई में एक युवक की करन्ट लगने से हुई मौत। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में स्थित धन्नातलाई नहर के पास से गुजर रही 33 केवी की लाइन से युवक बाबू खान उम्र 22 वर्ष की करन्ट लगने से मौत हो गई। वह गैस गोदाम कांटा के पास धन्नतलाई के पास कबाड के गोदाम से ट्रक में कबाड भर रहा था, कि अचानक उपर से गुजर रही 33 केवी बिजली की लाईन से टच हो जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

विश्व प्रदूषण दिवस मनाया

दौसा। आज पंडित नवल किशोर शर्मा इंग्लिश मीडियम स्कूल दलेलपुरा में विश्व प्रदूषण दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बढ़ते हुए पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए अनेक भाषण व नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. पूनम शर्मा ने बच्चों को बढ़ते हुए प्रदूषण को रोकने के तरीके बताए गए जिनको सभी बच्चों ने अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। बच्चों के साथ विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण का कार्यक्रम भी किया गया।

पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

बौंली-बामनवास। क्षेत्र के बौंली-निवाई सड़क मार्ग पर स्थित रवासा गांव के पास स्थित अरावली पर्वत श्रृंखला में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। सूचना पाकर बौंली पुलिस मौके पर पहुंची एंव शव को पेड़ से नीचे उतार कर बौंली चिकित्सालय के मोर्चरी में पहुंचाया। युवक की पहचान रवासा निवासी धोलू सिंह गुर्जर उम्र 30 वर्ष के रूप में हुई है।

कलेक्टर ने शहर का भ्रमण कर देखी सफाई, कचरा देख जताई नाराजगी

अलवर । अलवर को स्वच्छ सुंदर शहर बनाने के लिए नवाचार कर अलवर में शुरू किए गए अतुल्य अलवर अभियान के तहत की जा रही साफ-सफाई की व्यवस्था को देखने के लिए सोमवार को जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला शहर की सड़कों पर निकली और उन्होंने काली मोरी, मूंगस्का , हनुमान सर्किल, शांति कुंज आदि का दौरा कर साफ-सफाई का जायजा लेकर अधिकारियों को साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिये है।

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने संबंधित स्थानों पर कचरा फैला हुआ मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि इन स्थानों की यथाशीघ्र पूर्ण साफ-सफाई करावे तथा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार करें।

उन्होंने मंडी मोड से हनुमान सर्किल होते हुए नगर निगम सीमा क्षेत्र में रोड के दोनों ओर सफाई कराने एवं एकत्रित कचरे को दो दिवस में उठावाए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि हनुमान सर्किल से गोलेटा मोड तक मुख्य हाईवे के दोनों तरफ लग रहे कचरे के ढेर को उठवाए तथा निगम सीमा से बाहर स्थित पंचायत क्षेत्रों में सफाई हेतु जिला परिषद व मुख्य हाईवे हेतु एनएचआईए से समन्वय कर साफ-सफाई करावे।

उन्होंने गोलेटा में कचरा सेग्रीगेशन प्लांट के पास खेल मैदान विकसित किये जाने वाले स्थल का निरीक्षण नगर निगम आयुक्त को इस संबंध में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि शांति कुंज कॉलोनी को आदर्श कॉलोनी के रूप में विकसित करावे।

कलेक्टर ने शहर के नागरिकों से बातचीत कर सफाई व्यवस्था व सरकारी योजनाओं के संबंध में फीडबैक लिया। घरों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को संग्रहण पॉइंटों व डस्टबिन में ही डाले।

अलवर शहर में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर अधिकारियों को निर्देश देते जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला।

- नगर निगम आयुक्त को दिए सुधार के निर्देश, गोलेटा में खेल मैदान के प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा

पशु चिकित्सालय बहुउदेशीय चिकित्सालय में हुआ क्रमोन्नत

मालपुरा। राजस्थान सरकार परिवर्तित बजट 2०24-25 की बजट घोषणा की क्रियान्वित के लिये पशु पालन विभाग शासन उप सचिव संतोष करोल ने आदेश जारी कर राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय मालपुरा को बहुउदेशीय पशु चिकित्सालय मे क्रमोन्नत कर अतिरिक्त नवीन पदो के सर्जन की प्रशासनिक एवं द्वितीय स्वीकृति की जारी। सोमवार को जारी वित्तिय स्वकृति व क्रमोन्नत आदेशो मे राजस्थान मे 24 प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालयों को किया गया है क्रमोन्नत। उपनिदेशक एवं चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. अनिल परतानी ने बताया कि बजट घोषणा की क्रियान्वित के लिये क्रमोन्नत के आदेश जारी होने से पशुपालको मे दौडी हर्ष की लहर। केबिनेट मंत्री व क्षैत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी के अथक प्रयासो से पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने मालपुरा अस्पताल को बहुउदेशीय पॉली क्लिनिक पशु चिकित्सालय मे क्रमोन्नत किया है।

'एड्स विषय में जागरूक होना आवश्यक'

निवाई। राजकीय महाविद्यालय व राजकीय कन्या महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना व मतदाता जागरूकता क्लब के तहत जागरूक मतदाता सशक्त लोकतंत्र विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान ज्योति अजमेरा, द्वितीय शिवानी सैनी व तृतीय स्थान पर सपना खंगार व उर्मिला वर्मा रहीं। इसी के साथ विश्व एड्स दिवस पर संगोष्ठी आयोजित कर छात्रों को जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. दीपकराज जैन ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें एड्स के विषय में जागरूक रहना चाहिए व समाज के लोगों को जागरूक करना चाहिए। जिला समन्वयक एनएसएस डॉ. सीएल मीना ने एड्स नियंत्रण पर चर्चा करते हुए कहा कि हमें हमारे परिवार और समाज के प्रति ईमानदार रहना चाहिए।

राजस्व सुधार अभियान के तहत शिविर में 91 प्रकरणों का निस्तारण

खैरथल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे खैरथल तिजारा जिले में राजस्व सुधार अभियान के तहत सोमवार को भू-अभिलेख निरीक्षक (भू.अ.नि.) वृत्त अजरका और धमूकड़ में शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 91 राजस्व प्रकरणों का निस्तारण किया गया है वहीं दुसरी ओर किशनगढ़ बास तहसीलदार नरेंद्र भाटिया ने मुसाखेड़ा में और तहसीलदार लोकेश चौधरी ने गांव दादिया में रास्तों से अतिक्रमण हटाकर आमजन के लिए रास्ता खुलवाया।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया सोमवार कोभू.अ.नि. वृत्त अजरका में आयोजित शिविर में 78 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इनमें कदीमी रास्तों का रिकॉर्ड में अंकन व अवरुद्ध रास्तों को खुलवाने के 3 प्रकरण, धारा 91 के 8 प्रकरण, सीमाज्ञान के 3 प्रकरण, सहमति विभाजन के 2 प्रकरण और 62 नामांतरण प्रकरण शामिल थे।

इसी प्रकारभू.अ.नि. वृत्त धमूकड़ में कुल 13 प्रकरणों का निस्तारण हुआ। इनमें राजकीय भूमि पर अतिक्रमण का 1 प्रकरण, 10 नामांतरण प्रकरण, सीमाज्ञान का 1 प्रकरण और सहमति विभाजन का 1 प्रकरण शामिल था।

इसके अलावा किशनगढ़ बास तहसीलदार नरेंद्र सिंह भाटिया ने ग्राम मूसाखेड़ा में खसरा नंबर 199 (गैर मुमकिन रास्ता) पर अतिक्रमण को समझाइश कर हटवाया। तहसीलदार लोकेश चौधरी और पुलिस के सहयोग से ग्राम दादिया में रास्ते पर से अतिक्रमण हटाया गया।

रास्तों की भूमि पर से अतिक्रमण साफ कराए जाने के बाद आमजन ने जिला प्रशासन की ओर से चलाए गए अभियान की प्रशंसा करते हुए अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि राजस्व सुधार अभियान के तहत 6 दिसंबर कोभू.अ.नि. वृत्त नांगल सालिया और जिंदोली में किया जाएगा।

किशनगढ़ बास के गांव मुसाखेड़ा में तहसीलदार नरेंद्र सिंह भाटिया गैर मुमकिन रास्ते को खुलवाते हुए।

- 6 दिसंबर को नांगल सालिया व जिंदोली में होगा शिविर

मन्दिर जीर्णोद्धार को लेकर महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

कलश यात्रा के दौरान उपस्थित लोग।

- चमत्कारेश्वर महादेव विशाल कलश यात्रा के दौरान जीवन्त झांकियां भी सजाई गई
- पूर्व विधायक और सन्त महन्तो ने गणेश मन्दिर से हरी झण्डी दिखा कर कलश यात्रा को किया रवाना

फुलेरा। कस्बे की न्यू कॉलोनी स्थित श्री सिद्ध गणेश मन्दिर परिसर से माली समाज संस्थान फुलेरा के तत्वाधान में महिलाओं द्वारा सोमवार को गाजे बाजे के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली गई।

गौरतलब है कि उक्त कलश यात्रा 3 दिसम्बर को श्रीरामनगर स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मन्दिर के जीर्णोद्धार को लेकर निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक निर्मल कुमावत रहे।

जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता के माली समाज के अध्यक्ष तेजकरण सैनी के द्वारा की गई। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में धर्मप्रेमी बाबूलाल अजमेरा के नेतृत्व में जीवंत झांकियां सजाई गई।

वहीं पूर्व विधायक और सन्त महन्तो ने हरी झण्डी दिखाकर कलश यात्रा को रवाना किया। जो कि क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होती हुई श्रीरामनगर स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मन्दिर पहुंची। इसी बीच धर्म प्रेमियों द्वारा कलश यात्रा का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनन्दन किया।

इसके बाद मन्दिर परिसर में विद्वान पण्डितों के सानिध्य में सांय 4 बजे से यजमानों द्वारा हवन यज्ञ किया गया। इस अवसर पर शिव परिवार फुलेरा की महिला कार्यकर्ताओं सहित सैंकड़ों महिलाएं और समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में माताओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता हुई

- मातृ सम्मेलन का आयोजन किया

फुलेरा। कस्बे की बालाजी बाईपास रोड़ के निकट स्थित माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर परिसर में रविवार को दोपहर 12:15 बजे मातृ सम्मेलन का आयोजन शिक्षाविद् सीमा खण्डेलवाल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सावित्री बाई फुले राष्ट्रीय जागृति मंच की प्रदेश महासचिव एवं पार्षदा पूजा भाटी रही। जबकि मुख्य वक्ता के रूप में आदर्श शिक्षा समिति जयपुर पूर्व प्रांत सचिव अशोक पारीक रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने मां शारदे के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात शाला प्रबन्धन समिति ने अतिथियों का शॉल व दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत अभिनन्दन किया। मुख्य वक्ता पूर्व प्रांत सचिव अशोक पारीक ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्या भारती के आधारभूत विषयों पर प्रकाश डाला और संगठन की रीति नीति कार्यों पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में आगे बताया कि एक बालक के विकास में मां की भूमिका अहम होती है। इसके लिए उन्होंने जीजाबाई और जयवंता बाई के किस्से सुनाकर अपने बच्चो को उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प दिलाया। वहीं कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार कुमावत ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में माताओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अलावा वहीं कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रश्नोत्तरी की गई।

जिसमें सही जवाब देने वाली मातृ शक्ति को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में अध्यक्षता कर रही सीमा खण्डेलवाल ने उपस्थित माताओं को उनके दायित्व बताए। साथ ही उपस्थित सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन विद्यार्थी छात्रा वंशिका सैनी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर व्यवस्थापक बाबूलाल शर्मा, अध्यक्ष दिनेश चन्द शर्मा, संरक्षक भंवर लाल भोपा, उपाध्यक्ष रामेश्वर लाल कुमावत, सदस्य बाबूलाल बड़ीवाल, अमन अग्रवाल, मनीष यादव, संकुल प्रमुख भगवान सहाय कुमावत, प्रधानाध्यापक विनोद कुमार कुमावत, आरती देवी, मुन्नी देवी, किरण देवी, यशोमती, तारा देवी,गणेश लाल, अर्जुन, प्रियंका, सुगनी देवी सहित सैंकड़ों प्रबुद्धजन मातृ शक्तियां उपस्थित रही।

'राजस्थान को औद्योगिक गतिशील प्रदेश बनाने के लिए सरकार हरसंभव मदद कर रही हैं'

दौसा। जिला प्रभारी एवं उद्योग व वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों की हर रुकावट को दूर कर प्रदेश में निवेश अनुकूल माहौल बनाकर औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर राजस्थान को औद्योगिक गतिशील प्रदेश बनाने के लिए राज्य सरकार निवेशकों को हरसंभव मदद कर रही है, ताकि हमारे युवाओं के लिए रोजगार के भरपूर अवसर पैदा हो सके।

कर्नल राठौड़ राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 की कड़ी में सोमवार को यहां जयपुर रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित जिला स्तरीय राइजिंग दौसा इन्वेस्टर मीट में निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान जिले के औद्योगिक विकास की संकल्पना साकार करते हुए निवेशकों ने उत्साह से 2094.72 करोड रुपए के 95 एमओयू किये, जिससे 5 हजार 818 लोगों को रोजगार मिलेगा। इनमें पावर ग्रिड पीजीसीआईएल द्वारा 1038.43 करोड़ रुपए, श्री मोहनजी यूनिवर्सिटी दौसा द्वारा 500 करोड़, सप्तषि इंस्टीट्यूट ग्रुप द्वारा 100 करोड़ रुपए, अखिल राज्य ट्रेड एवं इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा 70 करोड एवं केमटेक केपीओ पार्क प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 50 करोड रुपए के प्रमुख एमओयू किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल राज्यवर्धन राठौड ने कहा कि देश में प्रगतिशील सोच वाली मजबूत सरकार है, जिससे स्थिरता के साथ निवेश अनुकूल माहौल बना है। अपने विशाल एवं विविधतापूर्ण भौगोलिक परिदृश्य के कारण हमारे प्रदेश में निवेश की अपार संभावनाएं हैं, जहां दौसा जिला दिल्ली-जयपुर के बीच अपनी विशिष्ट स्थिति के कारण सबसे महत्वपूर्ण निवेश स्थल के रूप में उभर रहा है। दौसा में रीको ने इंडस्ट्रीयल पार्क के लिए जमीन चिह्नित की है। यहां स्टोन पार्क के साथ वुडन पार्क की भी अच्छी संभावना है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। राज्य सरकार की ओर से एसी नीतियां बनाई जा रही है, जिससे यहां उद्योग लगाना और उसे चलाना काफी आसान हो। शीघ्र ही रिप्स-2024 सहित 21 नई नीतियां घोषित की जाएगी, जिससे नियमों में स्पष्टता आएगी और निवेशक को निवेश करने में कोई उलझन नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योगों की जरूरत के मुताबिक कुशल युवक-युवतियां तैयार करने के लिए राज्य सरकार ने टाटा कंपनी के साथ 100 से अधिक आईटीआई के लिए एमओयू किया है। उन्होंने कहा कि जहां बडे औद्योगिक पार्क बनाना व्यावहारिक नहीं है, वहां छोटे कलस्टर बनाकर उनके लिए मार्केटिंग की उचित व्यवस्था की जा रही है।

कर्नल राज्यवर्धन राठौड ने जिला स्तरीय राइजिंग दौसा इंवेस्टर मीट का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

मंदिर में अज्ञात चोरो ने दिया चोरी की घटना को अंजाम

पावटा। प्रागपुरा कस्बे मे आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के सामने स्थित बाबा बालक नाथ आश्रम मंदिर प्रागपुरा से एक चोरी का मामला सामने आया है, जहां चोरों ने भगवान के पूजा स्थल को भी नहीं छोड़ा। चोरों ने दान पात्र मे रखी नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार चोरों ने शनिवार की देर रात आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के सामने स्थित बाबा बालक नाथ आश्रम मंदिर प्रागपुरा में चोरी की घटना को अंजाम दिया।

यह घटना शनिवार की रात का बताया जा रहा है, जब चोरों ने मंदिर में धावा बोला। जिसे लेकर बाबा बालक नाथ आश्रम मंदिर प्रागपुरा अध्यक्ष उमराव संगेलिया पुत्र बनवारी लाल वाल्मीकि निवासी बड़नगर ने प्रागपुरा थाना पुलिस मे मामला दर्ज करवाया कि अज्ञात चोरों ने उक्त मंदिर से शनिवार की रात एक पानी की मोटर, तांबे के तीन कमंडल, दो जोड़ी पीतल की खुडताल, एक पीतल की घंटी जिनकी कीमत लगभग 30 हज़ार रुपए है व सहित दान पात्र मे रखे 2500 रुपए चुरा लिए।

सार-समाचार

सडक सुरक्षा एवं जीवन रक्षा कार्यक्रम में आमजन को किया जागरूक

अलवर। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सडक सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार हेतु 5 दिसम्बर तक आयोजित किए जा रहे सडक सुरक्षा एवं जीवन रक्षा कार्यक्रम के तहत तीन दिनों में परिवहन विभाग के उडन दस्ता प्रभारी एवं यातायात पुलिस प्रभारी द्वारा नवीन सीनियर सैकण्डरी स्कूल में सेमिनार आयोजित कर करीब 170 विद्यार्थियों एवं करीब 480 लोगों को सडक सुरक्षा एवं गुड सेमेरिटन नियमों की जानकारी दी गई तथा सडक सुरक्षा से संबंधित 450 पम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही यातायात पुलिस एवं परिवहन उडन दस्तों द्वारा विभिन्न श्रेणी के 730 वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई तथा प्रवर्तन कार्यवाही के अन्तर्गत बिना सीट बेल्ट के वाहन संचालन करने पर 16 चालान, बिना हेलमेट के वाहन संचालन पर 150 चालान, 2 ओवरलोड संचालित वाहनों पर चालान, बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्रा संचालित वाहनों के 22 चालान, निर्धारित गति से अधिक वाहन संचालन पर 198 चालान एवं नो पार्किंग के 62 चालान बनाए गए।

पल्स पोलियो महाभियान को लेकर बैठक

कोटपूतली। आगामी 08 दिसम्बर को प्रस्तावित पल्स पोलियो महाभियान को लेकर बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को पल्स पोलियों महाअभियान का अपडेट माईक्रोप्लान, हाई रिस्क एरिया की सूची, 0 से 5 वर्ष तके के बच्चों की संख्या, संस्थान के डीप फ्रीजर, आई.एल.आर., कोल्ड बॉक्स, ठीक प्रकार से कार्य कर रहे है या नहीं, वैक्सीन कैरियर की उपलब्धता, आवश्यकतानुसार आईएस पैक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। बीसीएमओ ने बताया कि पल्स पोलियों महाअभियान में 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। खण्ड के अधीन 420 बूथों पर 840 टीकाकर्मियों एवं 10 ट्रांजिट टीम, 53 मोबाईल टीम, 55 सुपरवाईजरों द्वारा 0-5 वर्ष के कुल 45638 बच्चों का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम दिवस को बुथ स्तर पर पोलियों की खुराक पिलाई जावेगी एवं दूसरे दिन छुटे हुये बच्चों को घर-घर जाकर टीमों द्वारा पोलियों की खुराक पिलाई जावेगी। इस प्रकार दो दिवस में ब्लॉक कोटपूतली में कुल 45638 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित कराने की मांग

कोटपूतली। गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित कराने की मांग को लेकर दर्जनों गौ भक्तों ने सोमवार को प्रधानमंत्री के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा है कि भारत में आदिकाल से निरन्तर गौमाता का सर्वांगीण योगदान चला आ रहा है और आदिकाल से ही शास्त्रों में जनमानस गौमाता को ही मानते व पूजते चले आ रहे है, क्योंकि मानव जीवन में गौमाता का विशेष स्थान व बहु उपयोगी महत्व रहा है। पिछले कई वर्षो से गौमाता की सुरक्षा व रक्षा की अनदेखी की जा रही है जिससे गौमाता लावारिस होकर लाचार, मजबूर हो गई है व सडकों, गलियों में बेसहारा होकर भटक रही है और स्वयं दुर्घटनाओं में शिकार होती है और अनायास अन्य दुर्घटनाओं को कारित करने में जनहानि का कारण बनती है। गौमाता का दुध, घी, छाछ, दही, मुत्र, गोबर आदि सभी धार्मिक व विज्ञान दोनों ही दृष्टि से प्राणीमात्र व पर्यावरण के लिए उत्तम व पवित्र पाया गया है। गौमाता को राष्ट्रीय माता घोषित किया जाना नितांत आवश्यक, उचित व महत्वपूर्ण है। गौभक्तों द्वारा गौमाता को राष्ट्रीय गौमाता घोषित करवाने के लिये साईकिल यात्रा के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को ज्ञापन दिये जायेगें। ज्ञापन देने वालों में योगेश बंसल, सचिन बालासिया, बिल्लू मोठूका, हेमंत मोरीजावाला, अनिल बालासिया व नीरज अग्रवाल सहित श्री श्याम परिवार के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अन्नकूट महोत्सव आज

चाकसू। आज दी बार एसोसिएशन चाकसू की ओर से न्यायालय परिसर में दीपावली स्नेह मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा। बार अध्यक्ष एडवोकेट नाथूलाल शर्मा एवं महासचिव दुर्गा प्रसाद बैरवा ने बताया कि मंगलवार को न्यायालय परिसर में सांयकाल 4:30 बजे दीपावली स्नेह मिलन एवं अंकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नन्दीनी व्यास, जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयपुर महानगर प्रथम होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वा चतुर्वेदी अपर जिला न्यायाधीश कम सं0 11 सांगानेर, विशिष्ठ अतिथि रामावतार बैरवा विधायक चाकसू, सम्माननिय अतिथिगण स्वाती व्यास अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कम सं0 15 चाकसू, कंचन सिंह राजावत न्यायिक मजिस्ट्रेट कम सं0 19 चाकसू, शिवचरण शर्मा उपखण्ड अधिकारी चाकसू आदि उपस्थित रहेंगे।

पंजा कुश्ती प्रतियोगिता का समापन

टोंक। जिला आर्म्स रेसलिंग (पंजा कुश्ती) प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम 1 दिसम्बर को मदरलेण्ड चिल्ड्रन एकेडमी में हुआ, इस प्रतियोगिता में 200 बालक-बालिकाओं एवं महिला व पुरूषो ने भाग लिया। जिला आर्म्स रेसलिंग संघ द्वारा मुख्य अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियों में अध्यक्ष मोहम्मद मोईन निजाम, व अरविन्द विजय, अब्दुल खलील तथा आयोजनकर्ता कमलेश सिगोंदिया, सरक्षंक के.आर.खान, सचिव ओम्पलिक संघ मुमताज राही, अध्यक्ष मकसूद मिया, सचिव जसवन्त गौठवाल इत्यादियों खिलाडियों को पारितोषिक वितरण कर मेडल, टी-शर्ट, सटिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। जीतने वाले खिलाडियों में महिला वर्ग से प्रथमव दितीय स्थान प्राप्त करने वाली सैयदा अजीजा, दिलखुश गुर्जर, गौरी सैनी मोहिनी चावला, पारू चावला व सौनाक्षी गुर्जर रही, वही पुरूर्ष वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तसीम, सालिक, निहाल, अली हसन, अंशुल, अभय, हितेश, सिद्धार्थ, पंकज मोहित वर्मा रहें। यूथ वर्ग में प्रथम व द्वितीय स्थान पर अबबुकर, दिलखुश गुर्जर, मोनू सैनी व मो0 अली, केशव सोनी रहे। मदलेण्ड के चेयरमेन कमलेश सिगोदिया ने इस सफल आयोजन के लिए सभी पधारे अतिथियों को धन्यवाद दिया।

जयपुर ग्रामीण सांसद का जताया आभार

शाहपुरा । नगर परिषद शाहपुरा में स्थित पशु चिकित्सालय को बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में स्वीकृत प्रदान करवाने पर पशु चिकित्सालय विभाग शाहपुरा एवं स्थानीय लोगों ने जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह का धन्यवाद देते हुए आभार जताया। डॉ. सुनील कुमार शर्मा उप निदेशक, ब्लॉक वेटरनरी हेल्थ ऑफिसर ने बताया कि जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह द्वारा पशुपालक जनता के हितार्थ नगर परिषद् क्षेत्र मे पशुपालन विभाग की अत्याधुनिक संस्था बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय बनाने पर इसमें सभी प्रकार के पशुओं की जाँचे, सोनोग्राफी, एक्सरे, सर्जरी आदि की सुविधा उपलब्ध होगी तथा इसमें करीब 50 किलोमीटर तक के पशुपालको को आधुनिक सुविधा मिलेगी। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया सह प्रभारी सुभाष जोशी एवं विधानसभा मीडिया प्रभारी मनोज कुमार टांक ने बताया कि शाहपुरा (जयपुर ग्रामीण) व आस-पास का क्षेत्र पशुपालन बाहुल्य है जो कि इस क्षेत्र से जुडें लोगों की आजीविका एवं आय का मुख्य साधन है। इसलिए इस क्षेत्र में पशु चिकित्सा क्षेत्र की विशेषज्ञ सेवाओं वाली यह अत्याधुनिक संस्था खुलने से पशुपालन क्षेत्र से जुडें लोगों की आर्थिक स्थिति में यकीनन आमूल चूल परिवर्तन होगा। स्थानीय लोगों ने खुशी जताते हुए कहा कि इस बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में कुशल पशु चिकित्सकों की सेवाओं से पशु-पक्षी पीड़ा से निजात पायेंगे तथा स्वस्थ होंगे।

अवैध अजरी परिवहन करते एक डम्पर व ट्रेक्टर जप्त, एक चालक गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सागवान के द्वारा चलाये जा रहे अवैध बजरी, पत्थर खनन/परिवहन की रोकथान हेतु विशेष अभियान के तहत बरोनी थाना क्षैत्र पीपलू वृताधिकारी अरविन्द कुमार व बरोनी थाना प्रभारी मानवेन्द्र सिह ने गठित टीम के माध्यम से दौराने गश्त अवैध बजरी से भरे हुए डम्पर जिसमें 40 टन अवैध बजरी भरी थी को जप्त किया है तथा चालक गणेश पुत्र भोलूराम जाट उम्र 30 साल निवासी कुम्हारिया बास शिवदासपुरा को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार निवाई क्षैत्र में वृताधिकारी मृत्युजंय मिश्रा व थानाधिकारी कालूराम की विशेष टीम ने दौराने गश्त अवैध बजरी से भरे एक ट्रेक्टर मय ट्रोली को जप्त कर वाहन चालक व मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।